राजस्थान सरकार
आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान जयपुर।

क्रमांक एफ 7(4) अकाद/आकाशि/2020/933 **दिनांकः** 15.04.2020

समस्त प्राचार्य,
राजकीय एवं निजी महाविधालय,
राजस्थान।

विषयः कोविड–19 महामारी के दौरान एवं उसके पश्चात स्वस्थ एवं सुदृढ मानसिक अवस्था बनाये रखने हेतु टोल–फ्री हैल्पलाइन *"मनसंवाद "* के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तगर्त निवेदन है कि कोविड–19 महामारी के चलते विभिन्न मानसिक रोगो जैसे चिंता, अवसाद आदि से बचाने हेतु एवं स्वस्थ एवं सुदृढ मानसिक स्वास्थ्य को बनाये रखने के लिए राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम, राजस्थान, जयपुर द्वारा संचालित टोल–फ्री मानसिक स्वास्थ्य एवं नशा मुक्ति हैल्पलाइन *"मनसंवाद"* 18001800018 प्रातः 08.00 से रात्रि 11.00 बजे तक चलाई जा रही है। अतः आप सभी से निवेदन है कि आप इस हैल्पलाइन के टोल–फ्री नम्बर 18001800018 का अधिक से अधिक प्रचार करे ताकि इस वैश्विक महामारी के दौरान विशिष्टीकृत मनोवैज्ञानिकों की सहायता से स्वस्थ एवं सुदृढ मानसिक अवस्था को बनाये रखा जा सके।

इस सम्बन्ध में अतिरिक्त मार्गदर्शन प्राप्त करने हेतु आप सभी श्री नितेश कुमार शर्मा, सहायक आचार्य से उनके मोबाइल न. 9887366466 पर सम्पर्क कर सकते हैं जिन्हे वर्तमान मे आयुक्तालय द्वारा महाविधालयों में **डिस्ट्रिक्ट काउंस्लिंग सेंन्टर** स्थापित करने हेतु कार्यालय राज्य नोडल अधिकारी, राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम, राजस्थान, जयपुर में कार्य व्यवस्थार्थ लगाया गया है।

इस पत्र को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान करें।

डॉ दीपक मेहरा
संयुक्त निदेशक (अकादमिक)

क्रमांक एफ 7(4) अकाद/आकाशि/2020/934-940 **दिनांकः** 15.04.2020

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–
1.निजी सचिव, माननीय राज्यमंत्री उच्च शिक्षा राजस्थान, जयपुर।
2.निजी सचिव,शासन सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, जयपुर।
3.निजी सचिव, आयुक्त, कॉलेज शिक्षा विभाग, जयपुर।
4.राज्य नोडल अधिकारी (एन.एम.एच.पी) मनोचिकित्सा केन्द्र, जयपुर (nmhp.pcj@gmail.com)।
5.श्री नितेश कुमार शर्मा, सहायक आचार्य एवं राज्य नोडल अधिकारी, कॉलेज मेन्टल हैल्थ कार्यक्रम (niteshnitesh23@gmail.com)।
6.वेबप्रभारी, आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा को अपलोड करने हेतु।
7.कार्यालय प्रति।

डॉ दीपक मेहरा
संयुक्त निदेशक(अकादमिक)